## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 14.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय लोगों का शव विशेष विमान से लाया गया कोच्चि, रांची के अली हुसैन का शव शाम तक पहुंचेगा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट।
- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से रसोई गैस में सब्सिडी देने और आयुष्मान भारत योजना से वंचित परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने के लिए अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश।
- गढ़वा में टेंपो और ट्रक की टक्कर में पांच मजदूरों की मौत, चालक सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल, गोड्डा में हुई दुर्घटना में दो लोगों की मौत।
- झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली चोरी और बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए जारी किया व्हाट्एप नंबर, उपभोक्ताओं की समस्या का किया जायेगा त्वरित निदान।

*********************

कुवैत में आग की घटना में मारे गए 45 भारतीय लोगों के शवों को लेकर वायुसेना का विशेष विमान कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। रांची के अली हुसैन के शव को आज शाम रांची एयरपोर्ट लाया लायेगा। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

*********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से लोगों को रसोई गैस में सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आयुषमान भारत योजना से वंचित परिवारों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का दायरा बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को झारखंड में पेसा कानून की नियमावली लागू करने का प्रयास तेज करने को कहा है।

*********************

लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और इसके बाद दोनों सदनों में उनके अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। संसद सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा।

*********************

पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी अजीत डोभाल को एक बार फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी डॉ पी.के. मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कल इन नियुक्तियों को मंजूरी दी। ये नियुक्तियां 10 जून से प्रभावी होंगी। इन दोनों अधिकारियों को वरीयता में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। नियुक्ति समिति ने सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी अमित खरे और तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है।

*********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज चार दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान वे परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद दीपाटोली स्थित सैनिक छावनी परिषद के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शनिवार को रक्षा राज्यमंत्री ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं रविवार को श्री सेठ रांची में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। सोमवार को सिल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और फिर दोपहर को नई दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

*********************

पलामू जिले के नीलांबरपुर–पितांबरपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प विनर अवार्ड में पूरे राज्य में प्रथम स्थान मिला है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

गढ़वा जिले के मुड़ीसेमर राष्ट्रीय राजमार्ग–75 पर टेंपो और ट्रक की टक्कर में पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि टेंपों चालक सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक और घायल रमना थाना के सीरियाटोंगर गांव के हैं। वे रोजगार को लेकर गुजरात के जामनगर के लिए ट्रेन पकड़ने निकले थे। मृतकों में रमना थाना क्षेत्र के सीरियाटोंगर गांव का विकास भुइयां, अरुण भुईया, अरविंद भुईयां, राजकुमार भुइयां और उत्तर प्रदेश का विमलेश कनौजिया है। घायलों में राकेश भुइयां, उमेश भुइयां, मिथलेश भुइयां, मेराज अंसारी और उत्तर प्रदेश के छोटे लाल भुईयां एवं संजय भुईयां है। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सको नें टेंपो चालक मेराज अंसारी को रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सभी 11 लोग टेंपो पर सवार होकर नगरऊंटरी रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान पालहे गांव स्थित मंदिर से आगे पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी।

*********************

इधर गोड्डा जिले के पोडैयाहाट–तालझारी मुख्य मार्ग पर कल देर रात किताजोडी के पास जेसीबी और साइकिल सवार के बीच आमने–सामने की टक्कर में एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य दूसरी घटना में पथरगामा थाना के चिलकाड़ा गांव में छत से गिरकर एक 35 वर्षीया महिला की मौत हो गयी। उधर एक कोयला मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय बालक का पैर कट गया। उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कल होनेवाले प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने विधि व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि राजनगर प्रखंड स्थित मतकम बेड़ा फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री कई योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे।

*********************

जामताड़ा की उपायुक्त कुमुद सहाय ने कल जिला तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय सीमा के अंदर विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त में लघु सिंचाई विभाग के अधीन चल रही तेईस, मुख्यमंत्री ग्राम सेतू की सात और पथ प्रमंडल की आठ योजनाओं को इस माह के अंत तक पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 722 लाभुकों का ब्याज माफ किया गया है।

*********************

चतरा जिले में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत एक हजार पांच सौ एकड़ भूमि पर फलदार और इमारती लकड़ियों वाले पौधे लगाए जायेंगे। मनरेगा के चालू वित्त वर्ष में जिले में योजना के तहत 63 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए जायेंगे। जिले के उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल ने बताया कि योजना का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। उधर चतरा के गिद्धौर प्रखंड में मनरेगा के कुएं किसानों के लिए इस गर्मी में वरदान साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी और लू के कारण जिले के अधिकांश जलाशय और डैम सूख चुके हैं जबकि मनरेगा योजना के तहत बने कूपों की मदद से गिद्धौर में किसान सब्जियों का उत्पादन कर पा रहे हैं। बता दें कि मनरेगा के अंतर्गत प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में दो सौ छप्पन कूपों की स्वीकृति मिली थी जिसमें से 200 कूपों का निर्माण पूरा हो चुका है।

*********************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली चोरी, फर्जीवाड़ा और बिजली बिल की शिकायत से निबटने के लिए आधिकारिक व्हाट्एप नंबर जारी किया है। इस नंबर के जरिए उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की शिकायत करने की सुविधा दी जायेगी। जेबीवीएनएल के निदेशक केके वर्मा ने बताया कि बाजार में जेबीवीएनएल के नाम पर फर्जीवाड़ा की शिकायत लागातार मिल रही है जिससे निबटने के लिए आधिकारिक व्हाट्एप नंबर जारी किया है।

उपभोक्ता व्हाट्एप नंबर 94311–35503 को अपने मोबाइल में सेव करके उसमें हाई लिखते ही वह एक्टिव हो जाएगा।

********समाप्त*************